झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

21 Oct 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in

Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 21 अक्टूबर का इतिहास

- 1296 : अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली की गद्दी संभाली।
- 1934 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना सिंगापुर में की।
- 1951 : भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई।
- 1577 : गुरु रामदास ने अमृतसर नगर की स्थापना की।
- 1954 : भारत और फ्रांस ने पौण्डीचेरी, करैकल, और माहे को भारतीय गणतंत्र में शामिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता 1 नवंबर से लागू हुआ।

## 21 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सरकार ने एक अनोखा कार्यक्रम शुरू किया है जो व्यक्तियों और संस्थाओं को ग्रीन क्रेडिट अर्जित करने और व्यापार करने की अनुमति देता है, जो पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी कार्यो के लिए प्रोत्साहित की इकाइयां हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार-आधारित प्रोत्साहनों के माध्यम से सकारात्मक पर्यावरणीय योगदान को प्रोत्साहित करना हैं। कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पेश किया गया है, जो पर्यावरणीय कार्यो को प्रोत्साहित करने के लिए हरित क्रेडिट के लिए प्रतिस्पर्धी बाजार आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।
- श्रीलंका के वित राज्य मंत्री शेहान सेमासिंघे ने प्रमुख द्विपक्षीय भागीदारों के साथ अपने मुक्त व्यापार समझौतों पर फिर से बातचीत करने के देश के इरादे की घोषणा की है। यह कदम बाजार पहुंच, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और निर्यात-उन्मुख पहलों को बढ़ावा देकर अपनी आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और बाहरी ऋण को कम करने की श्रीलंका की रणनीति का हिस्सा है। इस व्यापार पुनर्वार्ता प्रयास में श्रीलंका का प्रारंभिक ध्यान तीन प्रमुख साझेदारों, भारत, चीन और थाईलैंड के साथ चर्चा में शामिल होने पर होगा।
- डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने आधिकारिक तौर पर भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड में निदेशक की भूमिका संभाली। डॉ. मोहंती, भारतीय बिजली क्षेत्र में 25 वर्षो से अधिक के प्रभावशाली करियर वाले एक उच्च सम्मानित वरिष्ठ वित पेशेवर हैं जो अपने साथ ज्ञान और अनुभव का खजाना लेकर आते हैं जो भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड के नेतृत्व को समृद्ध करने का वादा करता हैं।
- इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ मर्जर के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मिल गई हैं। जारी रेगुलेटरी फाईलिंग में कहा गया कि सीसीआई ने अपने पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि उसने ग्रीन चैनल रूट के तहत संयोजनपर विचार किया हैं और उसे मंजूरी दे दी हैं। हालांकि यह प्रस्तावित मर्जर अभी प्रभावी नही होगा। इसके लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड भारतीय रिजर्व बैंक और राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण जैसे वैधानिक और नियामक निकायों से मंजूरी लेनी पड़ती है।
- भारत ने जलवायु परिवर्तन पर एक अंतर मंत्रालयी समूह की स्थापना की है जिसमें विभिन्न मंत्रालयों के सदस्य शामिल हैं। इसका उद्देश्य वैश्विक जलवायु वार्ता के लिए प्रमुख मुद्दों पर एक व्यापक परिप्रेक्ष्य विकसित करना हैं। समूह मुख्य रूप से पांच मुद्दों और पेरिस समझोते के अनुच्छेद 6 पर चर्चा करेगा।
- वैज्ञानिकों ने एक नया विकासवादी कानून प्रस्तावित किया हैं। नया विकासवादी कानून बताता है कि जीवित प्राणी, खनिज और प्रजातियां कैसे विकसित होती हैं। इसके निष्कर्ष जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित हुए। अध्ययन में कहा गया है कि प्राकृतिक प्रणालियां, जीवित और निर्जीव इकाइयां, अधिक पैटर्निंग, विविधता और जटिलता की स्थिति में विकसित होती हैं।
- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आधिकारिक तौर पर इंडिया स्किल 2023-2024 का शुभारंभ किया। साथ ही कौशल भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में विश्व कौशल 2022 के विजेताओं को सम्मानित किया। भारत ने पिछले साल विश्व कौशल प्रतियोगिता में 11वां स्थानि हासिल किया था। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया स्किल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी अगले वर्ष पेरिस में होने वाले वैश्विक आयोजन में भाग लेंगे।
- विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय पोल्ट्री क्षेत्र में अत्यधिक रोगकारक एवियन इन्फ्युएंजा से मुक्ति की भारत की स्व-घोषणा को मंजूरी दे दी हैं। यह उपलब्धि पशु स्वास्थ्य और जैव सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाये रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। भारत ने एवियन इन्फ्लुएंजा या बर्ड फ्लू को खत्म करने के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रोटोकॉल का एक सेट अपनाया हैं।
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप के लिए एंजेल टैक्स मानदंडों को सरल बनाया हैं। नए मानदंडों अब टैक्स अधिकारी उन स्टार्टअप की तरफ से जुटाए फंड की स्क्रूटनी नही कर सकेंगे जिन्हें उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में भारत ने फरवरी 2024 तक कितने एमक्यू-9बी ड्रोन के लिए अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए ?**

(A) 31 एमक्यू-9बी ड्रोन (B) 35 एमक्यू-9बी ड्रोन
(C) 39 एमक्यू-9बी ड्रोन (D) 41 एमक्यू-9बी ड्रोन

**(A)** भारत संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक महत्वपूर्ण रक्षा सौदे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार समझौते में जनरल एटॉमिक्स से 31 एमक्यू-9बी मानव रहित हवाई वाहन की खरीद शामिल हैं। इस सौदे से भारत की सैन्य क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।



**2. हाल ही में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता कितने प्रतिशत बढ़ा है ?**

(A) 2% (B) 3%
(C) 4% (D) 5%

**(C)** केंद्रीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार ने बड़ी खुशखबरी देते हुए महंगाई भत्ता में 4% की बढ़ोतरी का एलान कर दिया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बढ़ा हुआ डीए 1 जुलाई से लागू होगा। इससे केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा होगा।




**3. हाल ही में ओडीआई क्रिकेट इतिहास में 300 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज कौन बने हैं ?**

(A) रोहित शर्मा (B) विराट कोहली
(C) हार्दिक पांड्या (D) ऋषभ पंत

**(A)** रोहित शर्मा वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं और उन्होंने 300 छक्कों का आंकडा अपने 254वें मैच में छू लिया। भारत की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर एमएस धोनी हैं।




**4. हाल ही में कौन ब्राजील की संसद को P20 प्रेसिडेंसी सौपेंगे ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) धर्मेंद्र प्रधान
(C) ओम बिरला (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पी20 प्रेसीडेंसी ब्राजील की संसद को सौंपी। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि संसदे अंतर्राष्ट्रीय शांति, संमृद्धि और सद्भावना को बढ़ावा देने के उत्प्रेरक के रूप में प्रासंगिक मंचों पर संसदीय कूटनीति और संवाद में संलग्न रहना जारी रखेगी।




**5. हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री किस राज्य के पहले मेडिकल कॉलेज का उद्धघाटन किया ?**

(A) मणिपुर (B) नागालैंड
(C) ओडिशा (D) मिजोरम

**(B)** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने नागालैंड संस्थान का उद्धघाटन किया। मंनसुख मंडाविया ने कहा कि केवल नौ वर्षो की अवधि में नागालेंड में एमबीबीएस सीटों की संख्या 64000 से बढ़कर 1.6 लाख हो गई है, जबकि स्नातकोतर सीटों की संख्या दो गुनी हो गई है।



**6. हाल ही में आईसीएआर-आईएआरआई ने स्टार्ट अप्स को समर्थन देने के लिए किस आईआईटी के साथ समझौता किया है ?**

(A) IIT दिल्ली (B) IIT कानपुर

(C) IIT मद्रास (D) IIT बेंगलुरू

**(B)** स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर ने आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी की। पूसा कृषि, आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और आईआईटी कानपुर के स्टार्ट अप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर के बीच एक समझोता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



**7. हाल ही में किस देश ने स्वदेशी लोगों को मान्यता देने के संवैधानिक सुधार को अस्वीकार कर दिया है ?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) इटली

(C) फ्रांस (D) जापान

**(A)** हाल ही में ऑस्ट्रेलिया देश ने स्वदेशी लोगों को मान्यता देने के संवैधानिक सुधार को अस्वीकार कर दिया हैं। ऑस्ट्रेलिया ने संविधा में स्वदेशी लोगों को मान्यता देने के प्रस्ताव को अस्वीकार करने के लिए मतदान किया। इस विकास को देश के प्रथम लोगों के साथ फिर से जुड़ने के प्रयासों के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है।



**8. हाल ही में किस राज्य के काजू को जीआई टैग मिला है ?**

(A) मणिपुर (B) गोवा

(C) हिमाचल प्रदेश (D) मिजोरम

**(B)** हाल ही में गोवा के काजू को भौगोलिक संकेत मिला हैं। जिसे राज्य में काजू उद्योग के लिए एक महान अवसर और स्वयंपूर्ण गोवा मिशन की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता हैं। काजू लैटिन अमेरिका के पूर्वोतर ब्राजील का मूल निवासी था और गोवा काजू 16वी शताब्दी में पुर्तगालियों द्वारा गोवा में लाया गया था।



**9. हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने सामाऊ शहीद स्मारक और पुस्तकालय का उद्धघाटन कहां किया है ?**

(A) तेलंगाना (B) मध्यप्रदेश

(C) केरल (D) गुजरात

**(D)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में समाउ शहीद स्मारक और पुस्तकालय का उद्धघाटन किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात सरकार के युवा और सांस्कृतिक विभाग ने संपूर्ण गुजराती व्याकरण की पुस्तकों का एक पुस्तकालय बनाया हैं।



**10. हाल ही में ईसीआई ने किस राज्य विधानसभा चुनाव की तारीखों में बदलाव किया है ?**

(A) तेलंगाना (B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश (D) केरल

**(B)** राजस्थान चुनाव की तारीख में बदलाव किया गया हैं। यहां मतदान 25 नवंबर को होगा। इससे पहले 23 नवंबर को मतदान होना था लेकिन अलग-अलग संगठनों के द्वारा मांग की जा रही थी कि क्योंकि 23 तारीख को देव उठानी एकादशी हैं और ऐसे में 23 नवंबर को बडी संख्या में शादियां हो सकती है।

